भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

18.03.2020 के

अतारांकित प्रश्न सं. 4041 का उत्तर

केरल में नई रेलगाड़ियां

4041. एडवोकेट ए.एम. आरिफः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा शुरू की जाने वाली प्रस्तावित नई रेलगाड़ियों और इस वर्ष सहित विगत तीन वर्षों में केरल राज्य में शुरू की गई रेलगाड़ियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) अब तक देशभर में यात्रियों को विश्व स्तर की सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा विकसित रेलवे स्टेशनों की जोन-वार संख्या कितनी है; और

(ग) सरकार द्वारा देश के सभी रेलवे स्टेशनों में विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) भारतीय रेल द्वारा राज्य-वार आधार पर गाड़ी सेवाएं नहीं चलाई जाती, क्योंकि रेल नेटवर्क राज्य की सीमाओं के बाहर तक फैला हुआ है। बहरहाल, 2017-2020 (फरवरी 2020 तक) के दौरान, 5 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस गाड़ियां शुरू की गई हैं, जो केरल राज्य में स्थित विभिन्न स्टेशनों को सेवित कर रही हैं। इसके अलावा, भारतीय रेल पर परिचालनिक व्यवहार्यता, यातायात की मांग, संसाधनों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन गाड़ियों को चलाना एक सतत प्रक्रिया है।

(ख) और (ग): गांधीनगर (पश्चिम रेलवे) और हबीबगंज (पश्चिम मध्य रेलवे) रेलवे स्टेशनों पर पुनर्विकास का कार्य अंतिम चरण में है। गोमतीनगर (पूर्वोत्तर रेलवे), आनंद विहार (उत्तर रेलवे), बिजवासन (उत्तर रेलवे) और चण्डीगढ़ (उत्तर रेलवे) रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के ठेके प्रदान कर दिए गए हैं।

पुनर्विकसित स्टेशन में प्रस्तावित सुविधाओं में, स्टेशन परिसर में यात्रियों का भीड़-भाड़ मुक्त निर्बाध प्रवेश/निकासी, यात्रियों के आगमन/प्रस्थान का वियोजन, अधिक भीड़-भाड़ से रहित पर्याप्त खुली जगह, जहां भी व्यवहार्य हो, शहर के दोनों छोरों का समन्वयन, परिवहन प्रणाली के अन्य माध्यमों, जैसे बस, मेट्रो, आदि, के साथ समन्वय, उपयोगकर्ता अनुकूल अंतरराष्ट्रीय संकेतक, उपयुक्त रोशनी वाले परिपथन क्षेत्र तथा ड्रॉप-ऑफ, पिक अप और पार्किंग हेतु समुचित व्यवस्था आदि शामिल हैं।

*****